# 600 फ्लैट आवंटियों को देना बाकी, फिर भी अधूरी बिल्डिंग के ''टेकऑवर'' की तैयारी में जुटे इंजीनियर

## हाऊसिंग बोर्ड द्वारा प्रताप नगर सेक्टर-28 में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बनाये जा रहे ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. योजना के 1 हजार से अधिक फ्लैट्स का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रताप नगर सेक्टर-28 में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत गरीब लोगों के लिए 1 हजार फ्लैट्स निर्माण में भारी गफलत चल रही है। ईडब्ल्यूएस और एल.आई.जी. श्रेणी के 1 हजार से अधिक आवासों में से अभी तक मात्र 400 का पजेशन दिया गया है, 600 से ज्यादा आवास अभी अधूरे पड़े है।

सूत्रों की मानें तो मैसर्स आर.जे.बी. को ईडब्ल्यूएस के करीब 525 तथा मैसर्स आनंदीलाल लालपुरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को करीब 576 एल.आई.जी. श्रेणी के फ्लैट्स तैयार करने है। दोनों कंपनियों को यह काम करीब 50 करोड़ रु. में दिया गया है। अप्रैल-2023 तक इन फर्मों को फ्लैट्स तैयार करके हाऊसिंग बोर्ड को सौंपना था, लेकिन निर्धारित समय के 1 साल बाद भी यह प्रोजेट्स अधूरा पड़ा हुआ है।

फ्लैट्स निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग होने और तय समय पर प्रोजेक्ट पूरा नहीं करने पर हाऊसिंग बोर्ड को इन दोनों फर्मों पर भारी पेनल्टी लगानी थी, लेकिन ताज्जुब की बात है कि आज तक इन फर्मों को कोई नोटिस नहीं दिया गया। अब संबंधित आवासीय अभियंता खंड चतुर्थ सुभाष यादव आधी-अधूरी इस प्रोजेक्ट में ईडब्ल्यूएस के आवासों का निर्माण करने वाली मैसर्स आर.जे.बी. कंस्ट्रक्शन कंपनी से मिलीभगत कर जल्द ही फ्लैट्स का ''टेकओवर'' करने की तैयारी में जुटे है। फ्लैट्स निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग सामने आने के बावजूद भी अधिकारी आंख मूंदकर आनन-फानन में इस कंपनी को भुगतान करने की तैयारी में जुटे है।


गौरतलब है कि हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर्स और मैसर्स आर.जी.बी और मैसर्स आनंदीलाल लालपुरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी की लेटलतीफी के कारण गरीब वर्ग के आवंटियों को 6 लाख रु. में मिलने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट की कीमत करीब सवा 10 लाख रु. तथा एलआईजी श्रेणी में 9 लाख रु. के आवास की कीमत करीब 15 लाख रु. चुकानी पड़ रही है। मौके पर स्थिति ऐसी है कि फ्लैट निर्माण में भी तय गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा। कहीं पानी के पाइप लिकेज हो रहे हैं तो कहीं दीवार और छत में सीलन आ रही हैं। कहीं प्लास्टर झड़ रहा है तो कहीं पर मलबे और गंदगी के ढेर लगे है। इसके चलते आवंटी यहां से अपने आवास खाली करके जाने की तैयारियां करने लगे है। बताया जा रहा है कि 14 मई को मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल ने इन फ्लैट्स का मौका निरीक्षण भी किया था। इसके बाद उन्होंने अधूरे पड़े आवासों को जल्द तैयार करवाने के निर्देश आवासीय अभियंता सुभाष यादव को दिए थे। सूत्रों की मानें तो फ्लैट्स में अभी तक बिजली फिटिंग और रंगाई-पुताई जैसे जरूरी कार्य भी नहीं हुए है। इस कारण ही ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के आवासों में से करीब 150 आवासों का पजेशन अभी तक आवंटियों को नहीं सौंपा गया है। दूसरी तरफ एल.आई.जी. श्रेणी के आवासों में से मात्र 35-40 फ्लैट्स तैयार करके आवंटियों को सौंपे गए है। प्रोजेक्ट का काम करने वाली कंपनियों की खामियों पर कार्रवाई करने के बजाय अब उनसे बिल्डिंग टेकओवर कर एन.ओ.सी. देने की तैयारियां चल रही है।




प्रताप नगर सेक्टर-28 में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. श्रेणी के आवासों का निर्माण कार्य अभी अधूरा है। घटिया कार्य के कारण यहां पाइप लिकेज से पानी का रिसाव होकर यह तैयार फ्लैट्स के सामने से बह रहा है।

- **गौरतलब है कि मैसर्स आर.जे.बी. कंपनी को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के करीब 525 तथा मैसर्स आनंदीलाल लालपुरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को करीब 576 एल.आई.जी. श्रेणी के फ्लैट्स तैयार करने का काम 50 करोड़ रु. में सौंपा गया था**
- **फ्लैट्स में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग और आवास निर्माण में देरी के बावजूद भी दोनों फर्मों को नोटिस देने से कतरा रहे है अफसर, अब आनन-फानन में भुगतान करने की तैयारियां शुरू**

# एस.बी.आई. ने वंचितों की शिक्षा के लिये सहायता दी




**जयपुर,** (का.सं.)। एसबीआई, जयपुर सर्कल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में, भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष दिनेश खारा द्वारा समाज के वंचित वर्ग को शिक्षा प्रदान करने और आवारा/परित्यक्त मवेशियों के पुनर्वास के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों को सीएसआर के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

खारा द्वारा 14.41 लाख रुपए की वित्तीय सहयाता का चेक आदर्श शिक्षा समिति, जयपुर के प्रतिनिधिश्री पुष्कर उपाध्याय एवं हेमंत गुप्ता को कम्प्युटर लैब स्थापित करने हेतु सुपुर्द किया गया। यह समिति इनकी संस्थाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करती है और जरूरतमन्द बच्चों को कुपोषण, बीमारी जैसी उनकी तात्कालिक चुनौतियों से निपटने में भी सहायता करती है और उनके दृष्टिकोण, कौशल का विकास करती है ताकि बच्चे स्वयं बेहतर भविष्य बना सकें।

खारा ने श्री कृष्ण गोपाल गौ सेवा समिति, नागौर के प्रतिनिधि श्री श्रवण सैनी एवं श्री सुनील बिशनोई को दो एनिमल एंबुलेंस खरीदने हेतु 18.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का चेक सौंपा। सोसायटी एक मवेशी पुनर्वास केंद्र चला रही है जो दुर्घटनाग्रस्त, आवारा एवं परित्यक्त मवेशियों के पुनर्वास के लिए काम कर रही है।

गरीब और जरूरतमंद छात्राओं के परिवहन के लिए स्कूल बस खरीदने हेतु दिनेश खारा द्वारा ग्रामोत्थान विद्यापीठ संस्थान, डीडवाना के मुख्य संरक्षक जस्साराम चौधरी को 23 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का चेक भी सौंपा गया। समाज के कमजोर और पिछड़े वर्ग की लड़कियों/महिलाओं के उत्थान के लिए यह संस्था पिछले 30 वर्षों से महिला शिक्षा, समाज के कमजोर और पिछड़े वर्ग के लिए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

इस अवसर पर, भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, संदीप भटनागर ने इन संस्थानों द्वारा मानवता के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। भटनागरने कहा कि बैंक सी०एस०आर०के अंतर्गत सहयोग भावनात्मक रूप से जुड़कर करता है। इस अवसर पर बैंक के स्वतंत्र निदेशक धर्मेंद्र सिंह शेखावत, महाप्रबंधक हेमंत करौलिया, चंद्रभूषण सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

उपमहाप्रबंधक एवं मण्डल विकास अधिकारी कल्याण ने सभी अतिथियों को उनकी उपस्थिति व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# आने वाला समय भारत का, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है चहुंमुखी विकास : भजनलाल शर्मा

## 'तुष्टीकरण के आधार पर चल रही पश्चिम बंगाल में टी.एम.सी. की सरकार'

**हावड़ा** । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि खुद को दुनिया की महाशक्ति कहने वाले देश आज भारत की बढ़ती हुई ताकत से घबराने लगे हैं । सभी देश भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि आने वाला समय भारत का है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत चहुंमुखी प्रगति कर रहा है। पिछले 10 वर्षों में मोदीके कुशल नेतृत्व में देश आर्थिक दृष्टि से 11वें स्थान से ऊपर उठकर पांचवें पायदान पर आ गया है और आने वाले 2 साल में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। शर्मा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्रीके नेतृत्व में भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया का नंबर वन देश बन जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के शासनकाल में आए दिन दंगे और हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में संदेश खाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को पूरे देश ने देखा है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी सरकार तुष्टिकरण के आधार पर चल रही है।

शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल स्वामी विवेकानंद और रविंद्र नाथ टैगोर की धरती है। यहां के लोगों में राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर भरी है । इनका आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के सपूत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1942 में बंगाल में पड़े भीषण अकाल में लोगों की सेवा में दिन रात जुटे रहे । आजादी के बाद गठित हुई देश की पहली सरकार में वे उद्योग मंत्री थे । लेकिन उन्होंने राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया क्योंकि उन्हें कश्मीर में दो निशान दो विधान की नीति मंजूर नहीं थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले पूरा देश आतंकवाद और नक्सलवाद के साए में जीता था। आतंकवादी जगह जगह आतंकी घटनाएं करते थे और नक्सलवादी कभी किसी उद्योगपति तो कभी किसी अधिकारी को बंधक बनाकर ले जाते थे ।मगर पिछले 10 वर्षों में देश से आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राजस्थान में विधानसभा चुनाव में प्रवासी राजस्थानियों ने अपना भारी समर्थन देकर भाजपा की सरकार बनवाई उसी तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशीरथिन नाथ चक्रवर्ती को भारी बहुमत से विजयी बनाकर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनवाएं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान में उद्योग लगाने और निवेश करने का निमंत्रण देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार उनकी आकांक्षाओं का पूरा ध्यान रखेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री का पश्चिम बंगाल पहुंचने पर पर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में मौजूद महिलाओं युवाओं और बच्चों मेंशर्मा के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई थी।




पश्चिम बंगाल के हावड़ा में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

# आपसी सहमति से तलाक

## पत्नी और बेटी को दिए 3 करोड़ रुपए

**जयपुर,** (का.सं.)। शहर के पारिवारिक न्यायालय-तीन ने एक मामले में पति-पत्नी की 12 साल पुरानी शादी का 10 दिन में तलाक मंजूर करते हुए दोनों की सहमति से तलाक की डिक्री पारित कर दी है। न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अजय शुक्ला ने फैसले में कहा कि दोनों के बीच समझौता वार्ता विफल रही है और दोनों ने साथ रहने से भी मना कर दिया है। ऐसे में दोनों की आपसी सहमति के आधार पर तलाक मंजूर किया जाना उचित होगा।

मामले से जुडे अधिवक्ता सुनील शर्मा व गौरव सिंघल ने बताया कि तलाक की डिक्री होने पर निजी कंपनी में कार्यरत पति ने अपनी पत्नी व बेटी को भी भरण-पोषण के लिए 3 करोड़ रुपए की राशि दी है। इस राशि में से दो करोड़ रुपए पत्नी और एक करोड़ रुपए बेटी को दिए हैं। दोनों ने हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत न्यायालय में आपसी सहमति से तलाक लेने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया था। इसमें कहा था कि उनकी शादी हिन्दू रीति रिवाज से 2 अप्रैल 2010 को हुई थी और इससे उनके एक बेटी भी हुई, लेकिन विवाह के बाद से उनके बीच वैचारिक मतभेद शुरू हो गए और उनका भविष्य में साथ रहना संभव नहीं हुआ। जिसके चलते वे दोनों एक दूसरे से 30 मई 2022 से अलग-अलग रहने लगे।

# फोर्ड कार निर्माता को पुन: भारतीय बाजार में प्रवेश से रोकने की पीआईएल खारिज

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कार निर्माता कम्पनी फोर्ड को भारतीय बाजार में पुन: प्रवेश से रोकने के लिए दायर जनहित याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर पांच लाख रुपये हर्जाना लगाया है। अदालत ने हर्जाना राशि दो माह में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराने को कहा है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता ने यह आदेश आरनव सोनी की पीआईएल खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि यह जनहित याचिका पब्लिसिटी के लिए दायर होना प्रतीत हो रहा है। याचिकाकर्ता ऐसा एक भी उदाहरण नहीं दे सका है, जिसमें यह साबित होता हो कि फोर्ड के जाने के बाद टाटा कंपनी ने उसे सर्विस ना दी हो। केंद्र सरकार ने भारतीय बाजार में व्यापार के लिए नियम और शर्तें तय की हुई है। किसी भी विदेशी कंपनी को भारत में व्यापार से रोकने के लिए पीआईएल नहीं हो सकती। ऐसी पीआईएल कोर्ट का समय खराब करती हैं और मामले में विदेशी निवेश का मुद्दा है। इसलिए नोटिस जारी करने से भी निवेशकों में गलत संदेश जाएगा।

## सार-समाचार

### ग्रीष्मकालीन स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप शुरू



**जयपुर,** (का.सं.)। हर वर्ष होने वाले ग्रीष्मकालीन स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ आज प्रात: यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउंड रामनिवास बाग में हुआ। यह शिविर 15 मई से 15 जून तक प्रात: 6 से 8 बजे तक चलेगा जिसमें फुटबॉल, कबड्डी, योग, वेटलिफ्टिंग एवम् फिटनेस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यूनियन फुटबॉल क्लब के कोऑर्डिनेटर कैंप आयोजक अभिनव स्वामी ने बताया की इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष प्रताप भानु सिंह, सचिव महिपाल स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग गुरु भव्या राजावत, आशीष जौहरी और पार्षद जितेंद्र श्रीमाली एवम् अभिभावक व विभिन्न खेलों के करीब 150 खिलाड़ी उपस्थित थे जिन्हें संचालन समिति की सदस्य पल्लवी जैन ने भीगे चने, केले और लड्डू का अल्पाहार कराया।

### 'निजी स्कूल फीस एक्ट की पालना करें'

**जयपुर** । माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने एक आदेश जारी कर निजी विद्यालयों में राजस्थान विद्यालय (फीस विनियमन) अधिनियम 2016 एवं 2017 की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्यालय स्तर पर अभिभावक शिक्षक समागम एवं विद्यालय स्तरीय फीस कमेटी गठन की सूचना सदस्यों के नाम, पता व मोबाइल नम्बर सहित पीएसपी पोर्टल पर अद्यतन करने तथा फीस कमेटी द्वारा अनुमोदित फीस का ब्यौरा वर्षवार एवं मदवार पीडीएफ अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। आदेशानुसार विद्यालय स्तरीय फीस कमेटी द्वारा अनुमोदित फीस के अतिरिक्त फीस लेना अवैध है, जिसे फीस एक्ट के नियमानुसार विद्यार्थी को लौटानी होगी। फीस कमेटी द्वारा निर्धारित फीस तीन शैक्षिणक सत्रों के लिए आबद्धकारी होगी। भूतलक्षी प्रभाव से फीस का निर्धारण नहीं हो सकेगा। निजी विद्यालय को संबद्धता प्राप्त बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रकाशित पाठ्य-पुस्तकें शिक्षण के लिए लागू करनी होगी। पाठ्य पुस्तकों की सूची लेखक प्रकाशक के नाम एवं मूल्य सहित नोटिस बोर्ड व वेबसाइट पर सत्र के प्रारम्भ में प्रदर्शित करेंगे, जिसे विद्यार्थी खुले बाजार से खरीद सके। पाठ्य सामग्री, स्टेशनरी, यूनिफार्म, जूते, टाई, बेल्ट आदि की बिक्री के लिए विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना करेंगे। निजी विद्यालयों में विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के लिए जारी विशेष प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

### 'शिक्षक संस्थानों में सुविधाओं की कमी'

**जयपुर** । गोरखपुर विश्वविद्यालय कानपुर के पूर्व कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि किसी भी नीति को क्रियान्वित करने के लिए लिए शिक्षण संस्थानों में मूल सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक होता है। शिक्षण संस्थानों में से काफ़ी संख्या में शिक्षकों, प्रयोगशाला कर्मचारियों आदि की कमी है । विश्वविद्यालय आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। एन.ई.पी.2020 के मुताबिक स्किल एवं वैल्यू एडेड कॉर्सेज़ के लिये शिक्षक उपलब्ध नहीं है । चिंता का विषय यह है कि छात्रों की कक्षा में उपस्थिति बहुत कम होती जा रही है। नौकरी की कमी के कारण छात्रों की प्रवेश के प्रति रुचि कम है। छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थित का नियम या तो लागू किया जाये, अन्यथा यह नियम हटा दिया जाए। परीक्षा प्रणाली पर गम्भीरता से पुनर्विचार करना आवश्यक है । विगत 4 वर्ष से छात्रों को एन.ई.पी. 2020 को अवगत कराने के लिए शिक्षण संस्थानों में कोई परामर्श केंद्र स्थापित नहीं है।

### बायजू का ट्रांसफॉर्मेटिव सेल्स मॉडल लांच

**जयपुर,** (का.सं.)। बायजूस के फाउंडर बायजू रवीन्द्रन ने 1500 से अधिक सेल्स सहयोगियों और मैनेजर्स के साथ एक मीटिंग में कंपनी की सेल्स रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव की जानकारी दी। यह बदलाव सस्टेनेबल और स्केलेबल मॉडल पर जोर देता है, जो कंपनी के सेल्स वर्कफोर्स को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्वालिटी एजुकेशन को पहले से कहीं अधिक आसान बनाने पर केंद्रित है। बायजूस ने अपने सेल्स मॉडल को पुश-आधारित से पुल-आधारित मॉडल में बदल दिया है। यह मॉडल ''चूकने के डर'' के बजाय ''सीखने के प्यार'' पर आधारित है। अब मैनेजर्स सेल्स टीम के साथ एक कोच की तरह व्यवहार करेंगे, जो उन्हें अधिक सहायता करने और मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे न कि कॉल कोटा को सख्ती से लागू कराने पर केंद्रित होंगे। सेल्स सहयोगियों को अपने तरीके से काम करने का लचीलापन मिलेगा, और उनके द्वारा किए गए कॉल्स की संख्या पर नजर नहीं रखी जाएगी। बायजूस का कहना है कि अगर आप सिर्फ आधे घंटे काम करके भी नतीजे हासिल कर सकते हैं, तो कृपया ऐसा ही करें। यदि सिर्फ वीकेंड पर काम करना चाहते हैं? तो भी कोई दिक्कत नहीं है !'' उन्हें केवल परिणाम लाने वाले दृष्टिकोण को ही प्रोत्साहित करना है।

# प्यासों को पानी पिलाना पुण्य कार्य : समित शर्मा



**जयपुर,** (का.सं.)। गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। गर्मियों के समय में आने वाले आमजन के लिए वाटर कूलर से शुद्ध एवं शीतल जल की उपलब्धता रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने विभाग के गांधीनगर स्थित कार्यालय में अधिकारियों और कार्मिकों के आर्थिक सहयोग से स्थापित किए गए वाटर कूलर के शुभारंभ के दौरान यह बात कही। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में राजकीय कार्यालय, विद्यालयों, अस्पतालों बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर कूलर के माध्यम से आम जन के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का आ ान किया है। पंत ने इस बारे में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और शासन सचिव को पत्र लिखकर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश प्रदान किए हैं। इसी क्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जयपुर में गांधीनगर स्थित कार्यालय में आमजन के लिए वाटर कूलर स्थापित करने की यह पहल की गई है।

# न्यायाधीशों के बंगले के सामने बहुमंजिला निर्माण पर प्रसंज्ञान

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने गांधीनगर स्थित न्यायाधीशों के बंगलों के सामने हो रहे बहुमंजिला निर्माण पर यथा-स्थिति के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने ऐसी बहुमंजिला इमारतों को मंजूरी देने पर सवाल उठाते हुए ऐसे निर्माण से लोगों के पानी-बिजली व रोशनी पर आए संकट और न्यायाधीशों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए। अदालत ने प्रकरण को जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने का आदेश देते हुए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजा है। अदालत ने इन इमारतों से न्यायाधीशों की सुरक्षा व निजता को लेकर हाईकोर्ट प्रशासन से सुरक्षा के संबंध में रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। अदालत ने मास्टर प्लान को लेकर गुलाब कोठारी की याचिका पर दिए आदेश की पालना में जोन तय किए बिना बहुमंजिला इमारतों के निर्माण को मंजूरी देने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि डार्क जोन की समस्या व हरियाली व पर्यावरण के पहलू को ध्यान में रखे बिना ऐसी इमारतों को मंजूरी कैसे दी जा रही है।

# हरियाणा में डॉ. पूनिया की दीपक हुड्डा और स्वीटी बूरा के साथ खेल नीतियों पर चर्चा

**हिसार** (कासं)। भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने हरियाणा प्रवास पर रोहतक में भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा और वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा से आत्मीय भेंट कर केंद्र की मोदी सरकार एवं हरियाणा में भाजपा की नायब सैनी सरकार की खेल एवं खिलाड़ियों के लिये संचालित की जा रही शानदार नीतियों पर चर्चा की।

डॉ. पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों से लाभान्वित होकर हरियाणा के खिलाड़ी अपने परिश्रम एवं हुनर का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया में भारत का मान-स्वाभिमान बढ़ा रहे हैं, मोदी सरकार खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सहित तमाम सुविधाओं उपलब्ध करवाकर खिलाड़ियों के हुनर को तराश रही है, जिससे विदेश की धरती पर हमारे खिलाड़ी भारत का लोहा मनवाकर तिरंगे का मान बढ़ा रहे हैं। दीपक हुड्डा और स्वीटी बूरा ने अपने निवास पर सतीश पूनियां को भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की खिलाड़ियों के हित में बनाई नीतियों को लेकर आभार-अभिनंदन व्यक्त किया।

इस दौरान राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी भी उपस्थित रहे।

